हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 28 जुलाई 2025

06 जिले के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता ...



07 हरियाली तीज़ पर बंदियों ने रोपा पौधा ली अपराधों ...





## खबर संक्षेप

### जिले में अब तक 691.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**सागर।** सागर जिले में इस वर्षा सीजन में अभी तक 691.2 मि.मी. औसत बारिश दर्ज की गई है। जिले में स्थापित वर्षामापी केन्द्रों के रिकार्ड के अनुसार एक जून से आज तक राहतगढ़ केन्द्र पर सर्वाधिक 895.3 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक, भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले में स्थापित विभिन्न वर्षामापी केन्द्रों में एक जून से आज तक सागर केन्द्र में 532.4 मि.मी., जैसीनगर में 609.4 मि.मी., राहतगढ़ में 895.3 मि.मी., बीना में 627.2 मि.मी., खुरई में 732.2 मि.मी, मालथौन में 743.3 मि.मी., बण्डा में 671.2 मि.मी, शाहगढ में 692.8 मि.मी, गढ़ाकोटा में 653.4 मि.मी, रहली में 590.9 मि.मी, देवरी में 708.4 मि.मी. तथा केसली में 837.3 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

### नकल शाखा के कर्मचारी को कारण बताओ नोटिस जारी

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर कलेक्टर कार्यालय का निरीक्षण करते समय नकल शाखा पहुंचे जहां मौजूद व्यक्तियों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया कलेक्टर ने व्यक्तियों को सुनते हुए निर्देश दिए कि नकल शाखा की कार्यशैली को पारदर्शी बनाएं एवं निर्धारित समय पर नकल की प्रति उपलब्ध कराएं। उन्होंने अपील भी की कि नकल शाखा में सीधे आवेदन न करें लोकसेवा केन्द्र में आवेदन कर वहीं से नकल की प्रति प्राप्त करें। उन्होंने नकल शाखा में मौजूद कर्मचारियों से जानकारी प्राप्त की, बताया गया कि लोक सेवा केन्द्र से आने वाले आवेदनों पर निर्धारित दिनांक पर ही नकल प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि नकल शाखा के मुख्य गेट पर नकल के लिए ली जाने वाले शुल्क की जानकारी बड़े बड़े अक्षरों में अंकित कराएं साथ में यह भी अंकित कराएं कि यहां किसी भी प्रकार का सीधा आवेदन नहीं लिया जाता, नकल के लिए लोक सेवा केन्द्र पर ही आवेदन करें। उन्होंने लापरबाही बरतने पर नकल शाखा के एक कर्मचारी को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर संदीप जी आर आवक जावक शाखा पहुंचे जहां उन्होंने आवक जावक के संबंध में जानकारी प्राप्त की और निर्देश दिए कि आवक जावक पत्रों की कार्यवाही समय पर की जावे एवं तारीख समय अंकित किया जावे। उन्होंने आवक जावक कक्ष में पर्याप्त स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कार्यालय ओआईसी श्री देवेन्द्र सिंह मौजूद थे।

### विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने चंद्रा पार्क में किया पौधरोपण

**सागर।** शहर के सिविल लाइन क्षेत्र स्थित चंद्रा पार्क में विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने अपने प्रतिदिन पौधारोपण अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया। अभियान के तहत वे निरंतर सागर शहर में हरियाली बढ़ाने एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु कार्य कर रहे हैं, विधायक जैन ने इस अवसर पर सभी लोगों से अपील की कि वे भी पर्यावरण के प्रति जागरूक बनें और अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि पौधारोपण न केवल पर्यावरण की रक्षा करता है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य भी देता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से जगन्नाथ गुरैया, कुलदीप राठौर, यश अग्रवाल, नितिन सोनी, विनय मिश्रा, रीतेश तिवारी, नीरज यादव, शालीन सिंह, मेघा दुबे, सुषमा यादव, सविता जिनेश साहू, सावित्री सैनी, गीता दक्ष, मनीष चौबे, देवेंद्र अहिरवार, राहुल वैद्य, सुबोध पाराशर, राजेश पटेल, निखिल अहिरवार, प्रासुख जैन, दीपक दुबे, कुलदीप खटीक, श्याम नेमा, मधुर जैन, अंकित संकत, एडवोकेट रोशन कुर्मी, लोकनाथ पटेल, उपस्थिति रहे।

## महाराणा प्रताप कन्या छात्रावास में प्रवेश के पूर्व छात्राओं का पूजन हुआ

# शिक्षित बेटियां समाज को संस्कार, संस्कृति और समृद्धि की ओर ले जाएंगी: पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

हम सब मिलकर आज राजनीति से हट कर एक और सेवा प्रकल्प शुरू कर रहे हैं। बेटियों की शिक्षा में सहायता करने के लिए महाराणा प्रताप सामुदायिक भवन में 40 छात्राओं को निशुल्क आवासीय सहित सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के इस प्रकल्प में बेटियां अच्छी शिक्षा ले कर समाज को संस्कार, संस्कृति और समृद्धि की ओर ले जाएंगी। यह उद्गार पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने बामोरा में नवनिर्मित महाराणा प्रताप कन्या छात्रावास में छात्राओं के प्रवेश कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि शिक्षा किसी भी धन से श्रेष्ठ है। समाज को आगे बढ़ना है तो बेटियों की शिक्षा को समाज के विकास का पैमाना बनाना होगा। समाज जब तक बेटे और बेटियों को उन्होंने कहा कि यह छात्रावास 40 छात्राओं की निःशुल्क व्यवस्था तक सीमित नहीं रहेगा। इसका प्रथम तल निर्माण कर अगले वर्ष 80 छात्राओं की क्षमता तक बढ़ा देंगे और आवश्यकता के अनुसार परिसर में एक और भवन बना कर इस आवासीय व्यवस्था को 500 छात्राओं की क्षमता योग्य बनाएंगे।

पूर्व मंत्री सिंह ने कार्यक्रम में पूरे जिले से आए समाज के गणमान्य सदस्यों और क्षत्राणी नारी शक्ति से आग्रह किया कि आप सभी अपने समाज की इस उपलब्धि महाराणा प्रताप कन्या छात्रावास की व्यवस्थाओं का अवलोकन करके ही प्रस्थान करें आपको आत्मसंतोष होगा। यहां जिस स्तर की सुविधाएं बेटियों को दी जा रही हैं उनको देखिए। यहां के स्वच्छ, धार्मिक और सुरक्षित वातावरण और उत्कृष्ट व्यवस्थाओं में बेटियां एकाग्रता से अध्ययन कर सकती हैं। छात्रावास के बाजू में विशाल स्टेडियम, रुद्राक्षधाम मंदिर और मुख्य चार मार्गों के निकट आवागमन हेतु सुगमता है। उन्होंने कहा क्षत्रिय समाज के जो भी परिवार अपनी बेटियों को यहां भेजना चाहते हैं उन्हें मैं स्वयं आश्वस्त करता हूं कि आपकी बेटी की देखभाल और चिंता मैं पिता की तरह करूंगा। यहां निशुल्क आवास और भोजन आदि की सुविधा के साथ-साथ शैक्षणिक व बौद्धिक विकास के लिए विशेषज्ञों द्वारा कोचिंग, विजिटिंग प्रोफेसर्स द्वारा अध्यापन और काउंसलिंग की भी व्यवस्था होगी। यहां रह कर पढ़ने वाली बेटियों का आने वाले समय में जब रिजल्ट आएगा तब इनमें से ही किसी का स्थान टापर विद्यार्थियों की सूची में देखने मिलेगा। उन्होंने कहा कि कन्याओं के पूजन के साथ इस छात्रावास में बेटियों का प्रवेश हुआ है। हम इस कन्या छात्रावास को शिक्षा का मंदिर बनाएंगे। तीन वर्षों में इन बेटियों पर होने वाले व्यय की बचत करके परिजन उस राशि को बेटी की उच्च स्तरीय शिक्षा में लगा सकते हैं। इस पुनीत कार्य में हम सभी की भूमिका गार्जियन की तरह होगी।




कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्यों में प्रत्येक को छात्रावास के निर्माण में हुए आय व्यय का पत्रक सौंपा गया। उन्हें बताया गया कि छात्रावास में अभी तक 1.76 करोड़ रुपए व्यय हुए हैं और 1.36 करोड़ रुपए सभी स्त्रोतों से एकत्रित हुए हैं। इसमें बामोरा परिवार का योगदान 60 लाख का है। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि उनके आग्रह पर क्षत्रिय समाज के साथ अन्य समाजों के लोगों ने भी सहयोग किया है। भवन में 19 अत्याधुनिक कमरे सिर्फ छह महीने में तैयार किए गए हैं।

प्रत्येक में दो छात्राओं के शयन हेतु दो पलंग, दो आलमारी, दो रीडिंग टेबल, पंखे, समुचित प्रकाश व्यवस्था, किंचिन मेस, बड़ी वाशिंग मशीन जैसी सभी सुविधाएं हैं। रुद्राक्ष धाम मंदिर के सामने स्थित आधा एकड़ भूमि पर निर्मित महाराणा प्रताप कन्या छात्रावास के कवर्ड कैंपस में वाडर्न कक्ष, सीसीटीवी, सुरक्षा गार्ड, दो ग्रीन ग्रास लान, सुंदर उद्यान जैसी आधुनिक व्यवस्थाएं की गई हैं। नाश्ते-भोजन आदि की व्यवस्था पूर्व मंत्री सिंह की ओर से निशुल्क रखी गई है। उनकी प्रतिदिन की विशेष निगरानी और परिश्रम के साथ छह महीने में इस छात्रावास को तैयार किया गया है। आप सभी के सहयोग से सारी व्यवस्थाएं जुटतीं चली गईं। यदि उद्देश्य पवित्र हो तब ईश्वरीय शक्तियां सहयोग के लिए आती हैं और सारी व्यवस्थाएं जुटतीं चली जाती हैं।




## सेवादल का 72वां ध्वजवंदन कार्यक्रम तुलसी नगर वार्ड में हुआ संपन्न

**सागर।** कांग्रेस सेवादल परिवार हर माह के अंतिम रविवार को शहर के अलग अलग हिस्सों में ध्वजारोहण कार्यक्रम कराता आ रहा है, इस कार्यक्रम का आज 72 वां माह था जो तुलसीनगर वार्ड में पूर्व पार्षद, जिला शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष और वरिष्ठ कांग्रेसी भैयन पटेल के करकमलों से संपन्न हुआ। आज के कार्यक्रम की महत्ता इसलिये अधिक थी क्योकि यह गांधीवादी और ईमानदार नेता स्व.विठ्ठल भाई पटेल के निवास के नजदीक संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भैयन पटेल ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि श्रावण माह में इस स्थान के झूले बड़े प्रसिद्ध थे जिसमें सेवादल सदस्यों की भीड़ नियंत्रित करने की जिम्मेदारी दी जाती थी। उन्होंने अपने उद्बोधन में शहर, प्रदेश की समस्याओं पर भी ध्यान आकर्षित कराया और मंहगाई के मुद्दे को जोर-शोर से उठाया। कार्यक्रम का आयोजन शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे और ग्रामीण कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष महेश जाटव के संयुक्त आह्वान पर किया गया। कार्यक्रम का संचालन द्वारका चौधरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में पूर्व राष्ट्रपति मिशाइल मैन स्व.ए.पी.जे.अब्दुल कलाम जी की पुण्यतिथि पर श्रृद्धा सुमन अर्पित कांग्रेस सेवादल परिवार द्वारा किया गये। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हरिश्चंद्र सोनवार, लीलाधर सूर्यवंशी, दीनदयाल तिवारी, नितिन पचौरी, कल्लू पटेल, प्रीतम यादव, आनंद हेला, अरविंद ठाकुर, पवन घोषी, श्रीदास रैकवार, रवि सोनी, विजय छत्तानी, लल्ला यादव, अंकुर यादव, खट्टू शुक्ला, अजय राजपूत, प्रभूदयाल मिश्रा, अमर श्रीवास्तव, भगवान दास पटैल, विक्रम पटेल, राहुल पटेल, कार्तिक पटेल, राजू जाटव, शीनू वाल्मीकि, राजेश पटैल,नीरज अहिरवार, वीरू चौधरी, अंकित पटैल, राजू पटैल, सोनू पटैल, वीरू पटैल आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में धैर्य, मानवी, भाग्यश्री, देवांश, हिमान्या, काव्या, कृष्णा, श्री, नित्या श्री आदि छोटे छोटे बच्चे भी उपस्थित रहे।

## जैसीनगर में जन अभियान परिषद के तत्वावधान में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का शुभारंभ

**सागर।** जिले के विकासखंड जैसीनगर में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का शुभारंभ विकासखंड जैसीनगर के ग्राम तोड़ा तरफदार सेक्टर 5 मसुरहाई में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राजेश दुबे, कार्यक्रम के मुख्य अध्यक्ष जिला समन्वयक कृष्ण कुमार मिश्रा, विकासखंड जैसीनगर समन्वयक जय सिंह ठाकुर एवं नवांकुर संस्था से गायत्री कुशवाहा एवं बड़ी मात्रा में मातृशक्ति ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में कन्याओं ने कलश रखकर हरियाली यात्रा का शुभारंभ किया महिलाओं ने भजन कीर्तन के माध्यम से कार्यक्रम सहभागिता की इसके साथ ही जिला समन्वयक जी ने नवांकुर सखी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति संरक्षण का संदेश एवं उनकी भूमिका को विस्तार से समझाया, विकासखंड समन्वयक ने कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा पर प्रकाश डाला जनप्रतिनिधियों के साथ आमजन ने भी कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण एवं नवांकुर सखी को हर संभव मदद करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार परामर्शदाता कृष्ण सिंह राजपूत ने व्यक्त किया और अंत में नवांकुर सखी को पौधे एवं बीज रोपित थैलियां प्रदान की गई और पौधरोपण का कार्यक्रम किया गया।



## एंबुलेंसों से 25 मरीजों को निशुल्क इलाज के लिए भेजा भोपाल इंदौर

**गढ़ाकोटा।** शिल्पी अभिषेक भार्गव द्वारा चलाए जा रहे वेदिका फाउंडेशन के तहत रविवार को 4 एंबुलेंस से 25 मरीज को निशुल्क इलाज के लिए भोपाल इंदौर की अस्पतालों में भेजा गया। जिनमें मरीज कमल रानी पटेल रहली , रघुवीर लोधी सर्रा कला, श्रीकांत कुर्मी उदयपुरा, वंदना कुर्मी उदयपुरा, दिव्या पटेल जगदीश वार्ड गढ़ाकोटा, समीना अहिरवार रगोली, सविता ठाकुर वार्ड नंबर 10 रहली, जसवंत ठाकुर रहली, मुकेश रैकवार चौरई, केश बाई कुर्मी पटना बुजुर्ग, कुंवरमन तिखी, परमू रैकवार भौरदहार, कम्मू साहू पटना बुजुर्ग, हल्ली साहू पटना बुजुर्ग, रूपा कुर्मी पटना बुजुर्ग ,संतोष रानी कुर्मी पटना बुजुर्ग ,अरविंद चढ़ार पटना बुजुर्ग, भानु आठिया इमलिया, गोरेलाल काछी किला वार्ड गढ़ाकोटा, विकास कोरी गांधी वार्ड गढ़ाकोटा, कूरे काछी गुंजोरा, उमा पटेल पटना बुजुर्ग, राजू पटेल संजरा, भुवनेश प्रजापति वार्ड नंबर 10 रहली ,रामरति ठाकुर बड़गांन,शामिल हैं। एवं मरीजों के साथ उनके परिजनों को भी साथ भेजा गयाजहां भोपाल स्थित पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव के बंगले पर मरीज को भोजन ठहरने की व्यवस्था होती है। और वहां कर्मचारी इलाज के लिए मरीजों को विभिन्न अस्पतालों में साथ ले जाते हैं। रहली निवासी 7 माह के बच्चे के हार्ड में छेद के इलाज हेतु इंदौर की अपोलों अस्पताल भेजा गया है। पिछले रविवार को पटना बुजुर्ग निवासी 2 साल की बच्ची का सिर में पानी भरा था जिससे वह बीमार ग्रस्त थी ।जिसका इलाज भोपाल में शिल्पी अभिषेक भार्गव द्वारा करवाया गया तथा इस रविवार को परिजन गणनायक आए जहां शिल्पी अभिषेक भार्गव ने बच्ची के स्वास्थ्य के बारे में हाल-चाल जाना। और चेक अप के लिए भोपाल भेजा। परिजनों ने बताया कि पहले से अब बच्ची स्वास्थ्य हो रही है।

## राधा-कृष्ण के झूले किए वितरित, सावन माह में निशुल्क दान करते हैं झूले

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

धर्म सेवा केवल धार्मिक स्थलों पर जाकर ही नहीं होती बल्कि इसके लिये मन में अगाध श्रद्धा और दूसरों को देने का भाव होनी चाहिये। शहर के मुकेश प्रजापति पिछले बाईस वर्षों से राधा-कृष्ण के झूले निः शुल्क बांटकर ऐसा ही पुनीत काम बेहद खामोशी से कर रहे हैं। उनकी कलाकारी इतनी शानदार कि झूलों की डिमांड अब प्रदेश के कई शहरों से होने लगी है। मुकेश प्रजापति पेशे से मैकेनिक हैं और शहर में ही वर्कशॉप संचालित करते हैं। हर पुनीत कार्य की प्रेरणा के पीछे कोई न कोई वजह जरूर होती है और मुकेश को सेवाभाव की प्रेरणा अपने परिजनों से ही मिली। श्री प्रजापति द्वारा दो प्रकार के झूले दो साइज में बनाये गये थे पहली मंदिर साईज और दूसरी घर में पूजास्थल के हिसाब से छोटी साइज। कार्यक्रम में छोटी साइज के झूले ही ज्यादा वितरित किये गये इनकी मांग भी ज्यादा होती है। उन्होंने बताया कि इस बार भी लोगों की डिमांड के अनुसार मंदिर साइज और छोटे झूले बनाये गये हैं जिनमें बड़े झूलों की लागत एक से डेढ़ हजार रुपये के बीच आती है। झूले में लड्डू गोपाल की मूर्ति के साथ ही झूले वितरित किये गये।



### बेटियों के सम्मान में हुआ निशुल्क झूला वितरण

रविवार को सवान के महिने में अनोखा प्रजापति परिवार भगवान कृष्ण और राधाजी की मूर्तियों के साथ झूलों का निः शुल्क वितरण किया गया। ये झूले प्रजापति परिवार पूरे एक साल तक बनता है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की पहल के साथ झूले वितरित किये गये। इस बार बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं की तर्ज पर शासन की योजनाओं को कार्यक्रम में शामिल कर प्रजापित परिवार ने एक अनूठी पहल की। उन्होंने बताया कि अगले वर्ष से केवल बेटियों को ही झूलों का वितरण किया जायेगा। कार्यक्रम का आयोजन 27 अगस्त को भूतेश्वर मंदिर के पास दोपहर 12 बजे से शुरू हुआ जिसमें महिलाओं, पुरूषों सहित बच्चों की भीड़ रही। बच्चों ने मनमोहक झांकी सजाते हुये राधा-कृष्ण की वेशभूषा में आयोजन को चार चॉद लगाया।

### मकर संक्रांति से शुरू होता है पंजीयन

मुकेश बताते हैं कि चूंकि झूले बनाने में समय और पैसा लगता है इसलिये वे प्रतिवर्ष करीब 100 से 150 झूले ही बना पाते हैं। झूले प्राप्त करने के लिये मकर संक्रंति के पर्व पर केवल एक दिन के लिये ही पंजीयन किया जाता है। इसके बाद सावन माह में राधा-कृष्ण के झूले पंजीयन कराने वाले लोगों तक पहुंचा दिये जाते हैं। सबसे बड़ी बात यह है श्री प्रजापति और उनकी पत्नी माया झूले निर्माण से जुड़ी सारी व्यवस्था करती हैं। मुकेश बताते हैं कि वे झूले के लिये अपने वर्कशॉप को ही निर्माण स्थल बना लेते हैं।



## डाक कांवड़ यात्रा में शामिल हुए अविराज सिंह, यात्रा का स्वागत किया

**सागर।** बुंदेलखंड मेडीकल कालेज स्थित श्री मृत्युंजय महादेव मंदिर में राम आस्था फाउंडेशन मिशन द्वारा दो लाख बीजों के रोपण करते हुए नर्मदा जल लेकर मैराथन की तरह आयोजित डाक कावड़ यात्रा के बरमान से आरंभ होकर सागर पहुंचने पर गोपाल गंज में युवा भाजपा नेता अविराज सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कावड़ यात्रा का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर महापौर संगीता सुशील तिवारी भी उपस्थित थीं। अविराज सिंह स्वयं भी कावड़ यात्रा में त्रिशूल लेकर दौड़े। कावड़ यात्रा के मृत्युंजय महादेव मंदिर पहुंचने पर लाए गए पवित्र नर्मदा जल से भगवान महादेव के जलाभिषेक में शामिल होकर उन्होंने यात्रा के समापन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर महापौर संगीता सुशील तिवारी, डॉ. सुशील तिवारी, एमआईसी सदस्य शैलेन्द्र ठाकुर शामिल रहें।

## छात्रावास में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु मार्गदर्शन दिया जाएगा

# दृढ इच्छाशक्ति के साथ लिया गया संकल्प हमेशा पूरा होता है, सभी छात्रावासी विद्यार्थियों के लिए छात्रावास में कम्प्यूटर सुविधा उपलब्ध होगी : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

दृढ इच्छाशक्ति के साथ लिया गया संकल्प हमेशा पूरा होता है, सभी छात्रावासी विद्यार्थियों के लिए छात्रावास में कम्प्यूटर सुविधा उपलब्ध होगी, छात्रावास में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु मार्गदर्शन दिया जाएगा। उक्त विचार कलेक्टर संदीप जी आर ने मॉडर्न स्कूल बण्डा एवं अनुसूचित जाति छात्रावास बण्डा के निरीक्षण के दौरान व्यक्त किए। इस अवसर पर एसडीएम रवीश श्रीवास्तव, जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द जैन, जिला परियोजना समन्वयक गिरीश मिश्रा सहित अन्य अधिकारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थीं। कलेक्टर संदीप जी आर जब देर शाम मॉडर्न स्कूल बण्डा एवं अनुसूचित जाति छात्रावास बण्डा पहुंचे तब कलेक्टर को अपने बीच पाकर छात्र भारी गदगद दिखे और कहा की आज पहली बार हम सब के बीच में सागर कलेक्टर आए हैं और उन्होंने हम सभी का मनोवल बढ़ाया है।

कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि आप सभी दृढ इच्छाशक्ति के साथ संकल्प लें कि हमें स्कूल शिक्षा के बाद डॉक्टर, इंजीनियर सहित अन्य बड़े पदों पर जाना है इसके लिए आज से ही तैयारियां प्रारंभ करें। उन्होंने कहा कि कोई भी संकल्प यदि पूरे मनोयोग से लिया जाए तो वह खाली नहीं जाता। उन्होंने कहा कि आप सभी की इच्छानुसार अब आपकों छात्रावास एवं स्कूल में आपके समयानुसार कम्प्यूटर का उपयोग कर सकेंगे। साथ ही आपके द्वारा जो भी प्रतियोगी परीक्षा के लिए तैयारी होगी उसके लिए नोट्स उपलब्ध कराए जायेंगे एवं समय समय पर मार्गदर्शन भी वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आप सभी सर्वप्रथम अपना गोल निश्चित करें उसी गोल के अनुसार अपने कक्ष को तैयार करें सर्वप्रथम गोल को अपने दीवाल पर प्रदर्शित करें उसके बाद संबंधित प्रतियोगी परीक्षा का सिलेबस दिवाल पर चस्पा करें इसी के अनुसार स्कूली अध्ययन के साथ साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी शुरू करे और अपने गोल को पूरा करें। उन्होंने कहा कि इस छात्रावास में अभी और जगह रिक्त है आप अपने साथियों को जोकि अध्ययन के साथ यहां रहना चाहते हैं उनका प्रवेश कराएं। उन्होंने संपूर्ण परिसर में साफ सफाई प्रकाश व्यवस्था, पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्रावास अधीक्षक एवं संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि छात्रावास में वितरित होने वाले भोजन को पौष्ठिक एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए रंगीन रोटी का उपयोग करे साथ में मुनगा के फूल फल का उपयोग भी करें।



उन्होंने कहा कि आपकी जो भी समस्याएं हैं उसको तत्काल दूर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आप सभी उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं आप सब भी समस्याओं के निराकरण करने में सहयोग करें, कोई भी कार्य घर का हो या बाहर का यदि खुद किया जाए तो वह अवश्य ही पूरा होता है। इसलिए इस छात्रावास को अपना समझे और कार्य करते हुए पढ़ाई करें।

कलेक्टर संदीप जी आर ने चर्चा के दौरान छात्रों से उनके अध्ययन की जानकारी प्राप्त की और अपना अनुभव भी शेयर किया। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं में आने वाली समस्याओं के संबंध में विस्तार से बताया।




## भगवान श्री दक्ष प्रजापति जी के जन्मोत्सव मनाया

**गढ़ाकोटा।** सागर जिले गढ़ाकोटा में रविवार के दिन भगवान श्री दक्ष प्रजापति जी के जन्मोत्सव समारोह बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभिषेक भार्गव उपस्थित रहे। जहां उनके द्वारा प्रजापति सर्व समाज को संबोधित कहा गया कि भगवान दक्ष प्रजापति की कथा से यह शिक्षा मिलती है कि अहंकार, अपमान और हठ का परिणाम दुखद होता है, परंतु क्षमा, सुधार और विनम्रता से व्यक्ति फिर से धर्म के पथ पर लौट सकता है। इस अवसर पर महामण्डलेश्वर परम पूज्य संत श्री हरिदास जी महाराज, परम पूज्य संत श्री कमलापत दास जी महाराज गूदरशाला, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी, प्रजापति समाज के अध्यक्ष मानसींग प्रजापति एवं प्रजापति समाज उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### अपहृत नाबालिग बालिका को पुलिस ने सकुशल किया बरामद

**टीकमगढ़।** जिले के सभी पुलिस थाना क्षेत्रों में लंबित अपहरण प्रकरणों में अपहृत बालक व बालिकाओं को सकुशल शीघ्र बरामद करने के लिए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह एवं एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में थाना मोहनगढ़ पुलिस द्वारा धारा 137 (2) बीएनएस के अंतर्गत दर्ज अपहरण प्रकरण में एक विशेष टीम का गठन किया गया। थाना प्रभारी मोहनगढ़ निरीक्षक कमल सिंह ठाकुर के नेतृत्व में गठित टीम ने मुखबिर की सूचना एवं साइबर सेल की तकनीकी सहायता से अपहृता की तलाश के लिए संभावित स्थानों पर त्वरित एवं सतत प्रयास किए। पुलिस के अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप 26 जुलाई को अपहृता नाबालिग को बरामद कर सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी मोहनगढ़ निरीक्षक कमल सिंह ठाकुर, उप निरीक्षक संदीप चौधरी आदि रहे मौजूद।

### ग्राम अजनौर में खुला हुआ खंडहर कुंआ दे रहा हादसे को निमंत्रण

# सीईओ ने लगाई सरपंच को फटकार 2 दिन में कार्य पूर्ण करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिला अंतर्गत ग्राम पंचायत अजनौर में हरिजन बस्ती में स्थित आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 83 के पास खुला हुआ खंडहर कुंआ अनहोनी व हादसे को निमंत्रण दे रहा है। लेकिन ग्रामीणों द्वारा कई बार लिखित व मौखिक रूप से शिकायत करने के बाबजूद ग्राम अजनौर के सरपंच व पंचायतकर्मी अपनी आँखे बंद किये हुए बैठे हैं। जबकि हादसे को आमंत्रण देते खंडहर कुआँ के समीप आंगनबाड़ी होने से बच्चे उस कुंआ के पास खेलते रहते हैं। जिससे हमेशा किसी अनहोनी का डर बना रहता है। ग्राम पंचायत अजनौर के सरपंच द्वारा सुनवाई न किये जाने से हताश ग्रामीणों ने जनपद पंचायत के सीईओ से उक्त संबंध में शिकायत की। तब जनपद सीईओ ने अजनौर सरपंच को कड़ी फटकार लगाते हुए मात्र दो दिनों में उक्त कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।





अजनौर ग्राम के लोगो ने बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद भी अभी तक उक्त कुए पर सुरक्षा को लेकर न तो जाल डाला गया और न ही कुंए का कोई सुधार कार्य किया गया। जिसके चलते कभी भी कोई अनहोनी घटना घटित हो सकती है। ग्राम पंचायत अजनौर के पंचायतकर्मी मौन साधे हुए हैं। साथ ही जिम्मेदार क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भी उक्त मामले को लेकर कोई सुनबाई नहीं कर रहे। अजनौर ग्राम के ग्रामीणों अमर सिंह लोधी, बब्लू यादव, कलुवा अहिरवार, हल्लू बुनकर, गोरेलाल अहिरवार, नंदू विशाल, बृजेन्द्र, बंदू चौकीदार, देशराज, महबूब खां रानू, हरियां, महेश अहिरवार, कल्ला अहिरवार, बानो, कुसुम, दुर्गा, नीलम, रोशनी, पुन्नीयां अहिरवार, हुकुमचंद अहिरवार आदि ने बताया कि उक्त संबंध में शिकायत करते हुए एक वर्ष से अधिक समय बीत चुका है लेकिन शिकायत करने के बावजूद कोई सुधार कार्य या सुनबाई नहीं की गईं है। इसलिए अब अजनौर ग्रामवासियो को कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय एवं एसडीएम लोकेन्द्र सिंह सरल की त्वरित कार्यप्रणाली देखकर उनसे आशा बंधी है कि जल्द से जल्द कुए पर जाल डलवाया जायेगा इसी आशा के चलते ग्राम अजनौर वासियों ने कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय से गुहार लगाई। तब कलेक्टर श्रोत्रिय के निर्देश पर जनपद सीईओ ने तत्काल अजनौर सरपंच को कड़ी फटकार लगाते हुए दो दिनों में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

### केंद्रीय विद्यालय के 6 प्रतिभाशाली छात्रों ने किया मध्यप्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व

## जिले के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में दिखाया दमखम




हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

21 जुलाई से 25 जुलाई तक लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी फगवाड़ा पंजाब में आयोजित 55वीं राष्ट्रीय केंद्रीय विद्यालय संगठन अंडर-17 खेल प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय टीकमगढ़ के 6 प्रतिभाशाली छात्रों ने मध्यप्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लिया। उक्त प्रतियोगिता में जिले से शामिल छात्रों में प्रियांश विश्वकर्मा, पारस यादव, निखिल ठाकुर, विनय खागर, आराध्य सिंह सुमन और प्रमोद यादव शामिल थे। इन खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन से न केवल टीम में अहम योगदान दिया, बल्कि टीकमगढ़ जिले का नाम भी राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर जिलेवासियो को गौरवान्वित किया है।

उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश की ओर से कुल 16 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें से 6 खिलाड़ी टीकमगढ़ से थे। यह जिले के लिए गर्व की बात है। विद्यालय प्रशासन, शिक्षकों एवं जिलेवासियों ने इन होनहार खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं।

### जिला पुलिस की अपील, युवावर्ग नशे को कहें ना, बने जागरूक नागरिक

## आज का युवा कल का राष्ट्र निर्माता, नशा भविष्य के रास्ते की सबसे बड़ी रुकावट: एसपी

**टीकमगढ़।** पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व में जिले में नशे के विरुद्ध नशे से दूरी है जरूरी एक सतत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें विद्यालयों और महाविद्यालयों में जागरूकता रैलियाँ, संगोष्ठियाँ, नुक्कड़ नाटक और संवाद कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। साथ ही मनोवैज्ञानिक परामर्श एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, नशा व्यापारियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही की जा रही है। इसके अलाबा उक्त अभियान में समुदाय, युवा क्लब एवं सामाजिक संगठनों की भागीदारी शामिल हैं।

एसपी मंडलोई द्वारा जारी यह एडवाइजरी पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे प्रदेशस्तरीय अभियान ₹नशे से दूरी, है जरूरी₹ से जुड़ी हुई है, तथा इसमें पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा जिलेवासियों के लिए नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे जागरूकता अभियान को समाहित किया गया है। जिसमे जिलेवासियों के लिए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई की ओर से संदेश जारी करते हुए कहा गया है कि आज का युवा कल का राष्ट्र निर्माता है। नशा उस भविष्य के रास्ते की सबसे बड़ी रुकावट है। जिला पुलिस आप सभी से अपील करती है कि नशे से दूर रहें, अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करें, और एक बेहतर समाज के निर्माण में सहभागी बनें। एसपी मंडलोई ने कहा कि यदि आप या आपके परिवार में कोई नशे की गिरफ्त में है, तो संकोच न करें, मदद लें। टीकमगढ़ पुलिस हमेशा आपके साथ है। एसपी मंडलोई ने कहा कि नशा वह स्थिति है जिसमें कोई व्यक्ति शराब, तम्बाकू, ड्रग्स या किसी अन्य रासायनिक पदार्थ का बार-बार और अत्यधिक सेवन




करता है, जिससे उसका मानसिक व शारीरिक संतुलन बिगड़ जाता है। यह शुरू में तो 'मज़ा' या 'ट्रेंड' की तरह लग सकता है, लेकिन यह धीरे-धीरे आदत, फिर लत और अंत में बर्बादी का कारण बन जाता है। युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण पढ़ाई, कैरियर, रिश्तों आदि को लेकर तनाव बनता है। सोशल मीडिया व साथियों का प्रभाव, कूल दिखने की चाह, डिजिटल ओवरलोड व अकेलापन, परिवार में संवाद की कमी इसका मुख्य कारण है। युवाओं में नशे के कारण स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ता है। मस्तिष्क, यकृत, हृदय और फेफड़ों को नुकसान, नींद, भूख और मानसिक स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव, जीवनशक्ति की हानि होती है। साथ ही व्यक्तित्व पर भी प्रभाव पड़ता है जिससे आत्म-विश्वास में गिरावट, चिड़चिड़ापन, आक्रोश और अवसाद, आत्महत्या की प्रवृत्ति, आपराधिक प्रवृत्ति पैदा होती है।

### संविदा संयुक्त संघर्ष मंच के तत्वावधान में हुई कर्मचारी संगठनों की बैठक

# विसंगति पूर्ण संविदा नीति में संशोधन को लेकर बनाई आंदोलन की रुपरेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

भारतीय मजदूर संघ से संवद्ध मध्यप्रदेश संविदा संयुक्त संघर्ष मंच के तत्वाधान में जिले के समस्त संविदा अधिकारी कर्मचारी संगठनो की बैठक आयोजित की गई। जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा वर्ष 2023 में की गई घोषणाओं के अनुपालन में जारी की गई संविदा नीति में घोषणाओं का शत प्रतिशत पालन न करते हुये विसंगति पूर्ण संविदा नीति में संशोधन किये जाने एवं जिन विभागों में आज दिनांक तक संविदा नीति लागू नहीं हो पाई है उन सभी विभागों में नीति लागू कराने एवं 10 वर्ष का सेवाकाल पूर्ण कर चुके समस्त संविदा कर्मचारियों को क्रमशः वरिष्ठता के आधार पर नियमित किये जाने की योजना जारी किये जाने की मांगे वर्तमान मुख्यमंत्री मोहन यादव से पूर्ण कराने के अनुरोध को लेकर प्रदेश इकाई के निर्देशानुसार चरण बद्ध आंदोलन हेतु रूप रेखा की मंत्रणा की गई।



उक्त बैठक में उपस्थित सभी संविदा कर्मचारी संगठनों के जिलाध्यक्षों एवं प्रतिनिधियों द्वारा सर्व सम्मति से जीवन शर्मा को जिलाध्यक्ष, राशिद खान को जिला संयोजक, विशाल अग्रवाल कोषाध्यक्ष एवं संदीप खरे को मीडिया प्रभारी बनाया गया है।

बैठक में आगामी आंदोलन की रूप रेखा बनाई गईं जिसमे तय किया गया कि दिनांक 26 से 28 जुलाई तक जिले के केन्द्रीय मंत्री एवं सांसद व समस्त विधायकगणो एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौपे जायेंगे एवं विधायक गणो से विधान सभा में संविदा कर्मचारियों के हित में मांग उठाने के लिए अनुरोध करेगे।

दिनांक 2 एवं 3 अगस्त को जिला एवं ब्लॉक स्तरीय बैठक का आयोजन किया जायेगा। दिनांक 18 अगस्त को जिला एवं ब्लॉक स्तर पर कलेक्टर एवं एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपे जायेगे। दिनांक 3 सितम्बर को जिला एवं ब्लॉक स्तर पर सरकार की सदबुद्धि के लिए धार्मिक आयोजन कर सुंदरकाण्ड एवं जलाभिषेक का आयोजन किया जायेगा। दिनांक 13 से 21 सितम्बर तक जिले के सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री सहित समस्त विधायक गणों को ज्ञापन सौपे जायेगे। दिनांक 6 अक्टूबर को एक दिवसीय जिला एवं ब्लॉक स्तरीय धरना प्रदर्शन किया जायेगा। दिनांक 8 अक्टूबर को एक दिवसीय भोपाल चलो आंदोलन, दिनांक 14 अक्टूबर से मांगे पूरी होने तक अनिश्चित कालीन हड़ताल किये जाने की रुपरेखा बनाई गई। उक्त बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय मजदूर संघ मध्यप्रदेश की टीकमगढ़ जिला इकाई के जिलाध्यक्ष नीरज विदुआ उपस्थित रहे। एवं ई-गर्वनेंश कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनुपम दीक्षित, जिलाध्यक्ष वृजेन्द्र यादव, संविदा तकनीशियन संघ से प्रदेश महामंत्री संदीप खरे, जिलाध्यक्ष मनोज साहू एवं विशाल अग्रवाल, कृषि संविदा संघ के जिलाध्यक्ष अनिल साहू, खेल विभाग संविदा कर्मचारी संघ से देव्यंती प्रजापति, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अधिकारी कर्मचारी संघ से जिलाध्यक्ष रफीक खान एवं मनोज रैकवार ग्रामीण अजीविका मिशन कर्मचारी संघ से कोमल जैन, मनरेगा अधिकारी कर्मचारी संघ से योगेश समाधिया, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण कर्मचारी संघ से राजेश कुम्भकार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ से जीवन शर्मा, शहरी आजीविका मिशन कर्मचारी संघ से गिरीश सोनी, मनरेगा इंजीनियर संघ से नीशू जैन, एवं अन्य संगठनो के विभिन्न अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष अब तक 25 इंच से अधिक हो चुकी है बारिश दर्ज

**टीकमगढ़।** जिले में जबरदस्त बारिश दौर लगातार जारी है। पिछले 24 घंटों के दौरान एक बार फिर जोरदार बारिश हुई है। इस दौरान सबसे अधिक बारिश पलेरा तहसील में 68 मिलीमीटर यानी 2.7 इंच बारिश दर्ज की गई। जबकि मोहनगढ़ तहसील में 2 इंच बारिश रिकॉर्ड हुई। जिले में 24 घंटे के दौरान औसतन 1.6 इंच बारिश हुई है। जिले में अब तक कुल 42.3 इंच औसत बारिश हो चुकी है। पिछले साल इसी समय तक केवल 17.4 इंच बारिश हुई थी। इस प्रकार इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में 25 इंच अधिक बारिश दर्ज हो चुकी है। जिले का औसत बारिश का कोटा 40 इंच है, जो पहले ही पूरा हो चुका है।24 घंटों के दौरान तहसीलों में हुई बारिश के संबंध में जानकारी देते हुए भू अभिलेख कार्यालय द्वारा बताया गया कि पिछले 24 घंटों के दौरान टीकमगढ़ में 1.8 इंच, बड़ागांव धसान में 1.2 इंच, बल्देवगढ़ में 0.5





इंच, खरगापुर में 1.5 इंच, जतारा में 1.8 इंच, मोहनगढ़ में 2 इंच, लिधौरा में 1.8 इंच और पलेरा में 2.7 इंच बारिश दर्ज की गईं है। जिले में अब तक हुई कुल बारिश के आंकड़े बताते हैं कि पलेरा में सबसे अधिक 58.2 इंच बारिश हुई है। जबकि जिले की अन्य तहसीलों में टीकमगढ़ में 52.2 इंच, बड़ागांव धसान में 29 इंच, बल्देवगढ़ में 41.2 इंच, खरगापुर में 42 इंच, जतारा में 36 इंच, मोहनगढ़ में 47.5 इंच और लिधौरा में 37.5 इंच बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने रविवार से बुधवार तक भारी बारिश की चेतावनी भी जारी की है। बारिश के कारण बान सुजारा बांध के 5 गेट खोले गए हैं।

### जिले की सभी 808 बूथों पर सुनी गई पीएम की मन की बात का 124वां संस्करण

## बुंदेलखंड के किले सिर्फ ईंट पत्थर की ईमारत नहीं बल्कि संस्कृति का प्रतीक: पीएम मोदी

**टीकमगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओ ने जिले के सभी 808 बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। भाजपा पदाधिकारी मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी ने बताया कि पीएम मोदी की मन की बात कार्यक्रम का यह 124 वां संस्करण था। जिला मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी ने बताया कि 124वें संस्करण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को संबोधित करते हुए कहा कि बुंदेलखंड के ग्वालियर झांसी, दतिया, अजयगढ़, गढकुण्डार व चंदेरी के किले केवल ईट पत्थर से बनी ईमारत नहीं है बल्कि हमारी संस्कृति का प्रतीक है, जिनकी ऊंची -ऊंची दीवारों से संस्कार और स्वाभिमान झांकते हैं। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष के खुदीराम बोस को जब फांसी हुई तो ऐसे बलिदानों व देश के दीवानों के रक्त ने हमारी आजादी के लिए देश को सींचा था। इसलिए अगस्त का महीना क्रांति का महीना है इसी महीने में लोकमान्य गंगाधर तिलक की पुण्यतिथि व महात्मा गाँधी द्वारा अंग्रेजों के विरुद्ध भारत छोड़ो आंदोलन चलाया गया।



जिला मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी ने बताया कि भाजपा मंडल अध्यक्ष विभा श्रीवास्तव ने अपने सावरकर मंडल के 81 नंबर बूथ पर कार्यकर्ताओ के साथ बैठकर पीएम मोदी की मन की बात कार्यक्रम को सुना। वहीं भाजपा प्रदेश महामंत्री व जतारा विधायक हरिशंकर खटीक, पूर्व मंत्री राहुल सिंह लोधी, जिला पंचायत अध्यक्ष उमिता सिंह एवं पूर्व विधायक राकेश गिरी गोस्वामी व लक्ष्मी गिरी, वरिष्ठ भाजपा नेता विवेक चतुर्वेदी, अनुराग वर्मा ने भी बिभिन्न स्थानों पर मन की बात कार्यक्रम का 124 वां संस्करण सुना। भाजपा जिला उपाध्यक्ष अभिषेक खरे रानू द्वारा वार्ड नंबर 21 के बूथ नंबर 90 पर मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। वीर सावरकर मंडल द्वारा जिला उपाध्यक्ष रीतेश भदौरा, मंडल अध्यक्ष विभा श्रीवास्तव की मुख्य उपस्थिति में मन की बात कार्यक्रम को सुना गया जिसमें वरिष्ठ भाजपा नेता सुशीला राजपूत, पंकज प्रजापति, शुभम व्यास, शक्ति दौदरियां, मनीष श्रीवास्तव, विनय सेन, गंधर्व सिंह, अवधेश तिवारी, हिमांशु तिवारी, अजय परमार, धीरज खरे, सत्यम शर्मा, रविकांत समेले आदि सम्मलित रहें। वहीं भाजपा नगर मंडल व युवा मोर्चा द्वारा बूथ क्रमांक 79 पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष इंजी अभय प्रताप सिंह यादव, नगर मंडल अध्यक्ष नरेश तिवारी, देवेंद्र सेन, जितेंद्र जैकी यादव, प्रियंक चीकू यादव, मनोहर अहिरवार, गुलशन यादव, विनायक रावत, हनी जैन, राजेश सोनी, प्रिंस टोनी जैन, गुलशन विश्वकर्मा आदि ने मन की बात कार्यक्रम को सुना। नगर के बूथ क्रमांक 85 पर शक्ति सिंह राय, बूथ नंबर 213 पर बल्देवगढ़ मंडल अध्यक्ष नंदकुमार चौरसिया, महेश गौतम, संदीप पटेरिया व अरविंद राय द्वारा बूडेरा में, छत्रपाल यादव द्वारा बडमाडई खास बूथ क्रमांक 216 पर, दिनेश यादव द्वारा बूथ क्रमांक 128, कमलेश यादव परसुवा में 146, अंगद राजपूत बूथ क्रमांक 228, भूपेंद्र लोधी द्वारा बूथ क्रमांक 200 तथा जिले के सभी 808 बूथों पर कार्यकर्ताओं ने मन की बात कार्यक्रम को सुना।

### भाजयुमो ने कारगिल दिवस पर निकाला मसाल जुलूस, वीर सैनिकों का हुआ सम्मान

## वीर सैनिक हैं हमारे हीरो और आदर्श युवावर्ग ले इनसे प्रेरणा: इंजी यादव



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

कारगिल दिवस के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा मसाल जुलूस निकाला गया तथा वीर सैनिकों का सम्मान किया गया। भाजपा मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी ने बताया कि भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा कारगिल दिवस पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष इंजी अभय प्रताप सिंह यादव के नेतृत्व में कारगिल दिवस के अवसर पर नवीन भाजपा कार्यालय से मसाल जुलूस निकाला गया। जिसमे भारत माता की जय के गगनभेदी उद्‌घोष के साथ जुलुस निकाला गया। इसके अलावा वीर सैनिकों का सम्मान किया गया।सम्मानित किये गए वीर सैनिकों में लेफ्टिनेंट कर्नल राजेश सिंह, सूबेदार सुखदेव मिश्रा, सूबेदार विक्रम सिंह व सूबेदार घोष आदि का शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। वीर सैनिकों ने कार्यकर्ताओं के समक्ष अपने अनुभव साझा किए। भाजयुमो जिलाध्यक्ष इंजी अभय प्रताप सिंह यादव ने बताया कि भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा मसाल जुलूस के माध्यम से उन सभी वीर सैनिकों की शहादत को नमन किया गया है। जिन्होंने देश के लिए अपने प्राण न्योछावर किए हैं। देश के वीर सैनिक युवाओं के लिए प्रेरणा है। आज के युवाओं को सैनिकों की वीर शहादत को आदर्श मानते हुए देश के लिए अलग-अलग माध्यमों से आगे आकर देशसेवा करनी चाहिए। भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज देवलिया ने कहा कि वीर सैनिकों का सम्मान हमारे लिए गर्व का अनुभव है। इससे हमें अपने देश के लिए कुछ कर गुजरने की प्रेरणा मिलती है। देश हमें सब कुछ देता है इसलिए हमें भी अपनी देशभक्ति दिखाने के लिए अपने कदम आगे बढ़ाने चाहिए। लेफ्टिनेंट कर्नल राजेश सिंह ने कहा कि कारगिल वॉर के दौरान हम बॉर्डर पर तैनात थे। देश की सुरक्षा के लिए हमारे देश का वीर सैनिक तन- मन -धन से अपने प्राण हथेली पर लिए बाहरी दुश्मनों से लड़ रहा था। ट्रेनिंग के दौरान सिखाए गए टिप्स से हमारे वीर सैनिक संकट की परिस्थिति से निपटने का कार्य कर रहे थे। लड़ाई केवल हम वीर सैनिक ही नहीं बल्कि गांव में बैठा हमारा परिवार भी लड़ता है। उक्त कार्यक्रम के संयोजक भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज देवलिया ने सम्मान कार्यक्रम का आभार व्यक्त किया। सम्मान कार्यक्रम का संचालन नगर मंडल भाजपा अध्यक्ष नरेश तिवारी ने किया। उक्त कार्यक्रम के पूर्व सुबह के बक्त भाजपा द्वारा कारगिल दिवस के उपलक्ष्य में पौधारोपण किया गया। भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा नरेंद्र झा वीर शहीद पार्क में स्वच्छता अभियान चलाया गया। उक्त मसाल जुलूस व सम्मान कार्यक्रम में आशुतोष भट्ट, पूरन लोधी, रोहित खटीक, अभिषेक खरे रानू, रीतेश भदौरा, अंकित तोमर, बलवीर जोशी , प्रतेंद्र सिंघई, जनमेजय तिवारी, मुन्ना लाल साहू, प्रफुल्ल द्विवेदी, अनीश खान, रविंद्र श्रीवास्तव, विभा श्रीवास्तव, संध्या सोनी, मुख्तार अहमद, रोहित वैसाखिया, अरविंद खटीक, पंकज प्रजापति, चीकू यादव, विनय सेन, जितेंद्र जैकी यादव, अशोक मेडी राय, अजीज अहमद, अक्षय सिंह परमार, आकाश अवस्थी, हिमांशु तिवारी शिवचरण उटमालिया, हनी जैन, गुलशन यादव, दीप्पू राजा, सौरभ खरे, गंधर्व सिंह आदि बड़ी संख्या में भाजयुमो कार्यकर्ता शामिल रहे।

### अगरा थाना क्षेत्र की घटना, पुलिस ने मां बेटे को अरेस्ट कर भेजा जेल

# वारदात: मां के साथ मिलकर बेटे ने सौतेले पिता को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




अगरा थाना क्षेत्र में एक युवक की सिर में डंडा मारकर हत्या किए का मामला सामने आया है। हत्या की इस वारदात को मृतक के सौतेले बेटे ने अपनी मां के साथ मिलकर अंजाम दिया है। अगरा थाना पुलिस ने आरोपी मां बेटे के खिलाफ हत्या मामला दर्ज कर लिया और फिर उन्हें अरेस्ट करके जेल भेज दिया है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम चेटीखेडा निवासी संजय कुशवाह और रामपति आदिवासी एक दूसरे को पति पत्नी मारकर रह रहे थे। शनिवार को इनके बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इस पर संजय कुशवाह ने गाली गलौच करते हुए रामपति के साथ मारपीट कर दी। जब कावड यात्रा से लौटा रामपति का बेटा सुनील लौटा तो उसने अपने सौतेले पिता को मां के साथ इस तरह विवाद न करने की समझाइस दी। सुनील की इस समझाइस पर संजय और आग बबूला हो गया और वह सुनील से भी गाली गलौच करते हुए विवाद करने लग गया। विवाद अधिक बढने पर सुनील आदिवासी और रामपति बाई ने मिलकर संजय की मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान सुनील ने संजय के सिर में डंडे का जोरदार प्रहार कर दिया। जिससे संजय घायल हो गया और अस्पताल ले जाने पर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने जब पीएम कराया तो संजय की मौत सिर में चोट लगने की वजह से होने की बात सामने आई। अगरा थाना प्रभारी सुमेर सिंह धाकड ने बताया कि इस मामले में मृतक के भाई दर्शन सिंह कुशवाह की रिपोर्ट पर सुनील आदिवासी और रामपति बाई के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उन्हें अरेस्ट कर लिया और फिर दोनो मां बेटे को विजयपुर कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है।

#### विधवा हुई रामपति तो संजय ने पत्नी बनाकर रख लिया

पुलिस के मुताबिक रामपति आदिवासी के पति की करीब 7-8 वर्ष मृत्यु हो गई। पति की मौत हो जाने से विधवा हो गई रामपति आदिवासी को संजय कुशवाह ने पत्नी बनाकर अपने पास रख लिया। इस दौरान रामपति अपने साथ अपने बेटे सुनील को लेकर अपने दूसरे पति के साथ रहने लग गई। जिसके बाद सुनील भी संजय को पिता कहने लग गया। बताया जा रहा है कि संजय कुशवाह शराब पीने का शौकीन था और शराब पीने के बाद अक्सर रामपति और संजय के बीच कहासुनी होती रहती थी।

#### इधर भैस की पूंछ पकड़ अपर ककेटो डैम पार कर रहा युवक डूबा,दूसरे दिन मिला शव



श्योपुर। गसवानी थाना क्षेत्र स्थित अपर ककेटो डैम में एक युवक उस समय डूब गया,जब वह भैंस की पूंछ पकडकर डैम को पार कर रहा था। यह घटना शनिवार दोपहर की घटना है। युवक की तलाश के लिए पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू अभियान शुरू किया तो रविवार की सुबह युवक का शव मिला है। जिसे पुलिस ने पीएम के बाद परिजन के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस के मुताबिक ग्राम सिंगाइच निवासी ब्रकभान पुत्र चेऊ यादव शनिवार को अपनी भैसों को चराने के लिए अपर ककेटो डैम के पास पहुंच गया। इस दौरान उसकी भैस से डैम में उतर गई और डैम के पार जाने लगी। इस दौरान ब्रकभान भी डैम में कूद गया और पार जाने के लिए भैंस की पूंछ पकड ली। डैम के उस पार पहुंचने से पहले ही उसके हाथ से भैंस की पूछ छूट गई तो वह डैम में डूब गया। वहां मौजूद अन्य चरवाहों ने इसकी सूचना परिजनों और पुलिस को दी। जिसके बाद गसवानी थाना पुलिस एसडीआरएफ की टीम के साथ मौके पर पहुंची और युवक की तलाश के लिए डैम में रेस्क्यू अभियान शुरू कर दिया। रविवार की सुबह 10 बजे के आसपास युवक का शव डैम से बरामद किया गया। गसवानी थाना प्रभारी रीना राजावत ने बताया कि डैम में डूबे युवक का शव बरामद कर उसे पीएम के बाद परिजन के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### जमूदी में हुआ ज़मीन का गड़बड़ झाला अवैध प्रविष्टियां विलोपित

# 20 लोगों ने नियम विरुद्ध अपने नाम चढ़ाई 188 बीघा जमीन, एडीएम ने की ख़ारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर,

न्यायालय अपर कलेक्टर द्वारा तहसील कराहल अंतर्गत ग्राम जमूदी की 188 बीघा भूमि में दर्ज 20 नामों की अवैध प्रविष्टियों को विलोपित करने का आदेश पारित किया गया है। इस आदेश के बाद सरकारी जमीनों का गड़बड़झाला करने वालों में हड़कंप मच गया है।

न्यायालय अपर कलेक्टर अतेन्द्र सिंह गुर्जर द्वारा पारित आदेश के अनुसार डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी अभिलेख जांच शाखा जिला श्योपुर द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन के आधार पर ग्राम जमूदी तहसील कराहल की भूमि सर्वे क्रमांक 41/9, सर्वे क्रमांक 42, सर्वे क्रमांक 50, सर्वे क्रमांक 53, सर्वे क्रमांक 164 तथा सर्वे क्रमांक 165 में 20 लोगों के नाम बिना किसी सक्षम अधिकारी के दर्ज कर दिये गये, प्रत्येक व्यक्ति के नाम 1.881 हेक्टयर भूमि उक्त सर्वे नंबरों में भूमि स्वामी के रूप में दर्ज कर दी गई, जांच प्रतिवेदन के अनुसार संवत 2058 के खसरा पंचशाला में पर्ची पर अंकित प्रकरण क्रमांक 30/अ-19/96-97 आदेश दिनांक 25.8.1997 की जिला अभिलेखागार में खोज किये जाने पर उक्त प्रकरण उपलब्ध नही हुआ है, जांच में पाया गया कि खसरा पंचशाला संवत 2058 में पर्ची लगाकर प्रविष्टियां दर्ज की गई है, जिन पर किसी भी अधिकारी व पटवारी के हस्ताक्षर अंकित नही है, इस प्रकार उपयुक्त पट्टो के आधार पर शासकीय भूमि को कूटरचित तरीके से निजी व्यक्तियो के नाम दर्ज कर दिये गये। इस मामले में शासकीय भूमि की प्रविष्टि यथावत रखे जाने तथा सभी अनावेदकगणो के नाम की अवैध प्रविष्टि को विलोपित किये जाने का आदेश पारित किया गया है।

#### इन नामों की प्रविष्ठियां हुई विलोपित

रामश्री पत्नि हरिओम अहिर, हरिओम पुत्र मनीराम अहिर, सुरेश पुत्र अमसिंह अहिर, नेपाल पुत्र अमसिह अहिर, सुमेर पुत्र अमसिंह अहिर, दुलारी पत्नि नेपाल अहिर, मुन्नी पत्नि बादाम अहिर, बृजभान जाति ठाकुर, श्याम पुत्र भगवन जाति ब्रम्हाण, देवीलाल पुत्र बंशी जाति काक्षी, बाबूलाल पुत्र प्रभुलाल मीणा, अनेक पुत्र हरिओम अहिर, अतिबल पुत्र हरिओम अहिर, राधेश्याम पुत्र बंशीधर जाति ब्रम्हाण, बल्लू पुत्र प्रभुलाल मीणा, बलवंत पुत्र जगदीश ठाकुर एवं देवकी पत्नि कुबेर अहिर के नाम शामिल है।

#### माखनाखेडली की 67 बीघा भूमि से अवैध प्रविष्टियां विलोपित करने का आदेश पारित

श्योपुर। न्यायालय अपर कलेक्टर द्वारा तहसील श्योपुर अंतर्गत ग्राम माखनाखेडली की 67 बीघा भूमि में दर्ज नामों की अवैध प्रविष्टियों को विलोपित कर भूमि को शासकीय घोषित किये जाने का आदेश पारित किया गया है। उक्त प्रकरण में जिन 6 लोगों के नाम की अवैध प्रविष्टियों को विलोपित कर भूमि को शासकीय घोषित किया गया है, उनमें जामिर हुसैन पुत्र अब्दुल गफार, मुस्ताक पुत्र शब्बीर, सरदार पुत्र अब्दुल गफुर, अहमद पुत्र जुम्मा, अमर खॉ पुत्र बन्ने खॉ के नाम दो प्रकरण तथा मसूद इकबाल पुत्र अब्दुल खालिद के नाम शामिल है। नायब तहसीलदार वृत्त प्रेमसर को आदेश का अमल कर अभिलेख दुरूस्त करने के निर्देश दिये गये है।

### जिन स्कूलों की छत क्षतिग्रस्त, बच्चें न बैठायें, वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश

# स्कूल भवनों की मरम्मत के प्रस्ताव शुक्रवार तक अनिवार्य रूप से दें: वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



स्कूल शिक्षा विभाग एवं आदिम जाति कल्याण विभाग तथा डीपीसी द्वारा स्कूल भवनों की मरम्मत के प्रस्ताव शुक्रवार 1 अगस्त तक अनिवार्य रूप से प्रदाय किये जायें, सभी सीएसी एवं संकुल प्राचार्य स्कूलों का भौतिक सत्यापन कर बीईओ, बीआरसी को रिपोर्ट प्रस्तुत करें एवं मरम्मत योग्य स्कूलों तथा आवश्यकतानुसार अतिरिक्त कक्षों के निर्माण की सूची देंगे। इसके साथ ही जिन विद्यालयों की छत क्षतिग्रस्त है और वर्षाकाल के दौरान पानी टपक रहा है, उन भवनों में बच्चों को न बैठाया जायें, इसके लिए उक्त भवन की मरम्मत होने तक पृथक से वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

यह निर्देश कलेक्टर अर्पित वर्मा ने रविवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित स्कूल शिक्षा, डीपीसी एवं आदिम जाति कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित स्कूल भवनों की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अतेन्द्र सिंह गुर्जर, जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग, सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण राकेश गुप्ता, डीपीसी डॉ पीएस गोयल, सहायक संचालक यश जैन, बीईओ श्योपुर मधु शर्मा, कराहल पीके श्रीवास्तव, बीईओ विजयपुर सहित तीनों विकासखण्ड के बीआरसी, जिला शिक्षा केन्द्र के सब इंजीनियर, सीएसी, संकुल प्राचार्य आदि उपस्थित थे। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने निर्देश दिये कि स्कूलों में मध्यान्ह भोजन मैन्यू अनुसार तथा बच्चों की संख्या के मान के आधार पर बनाया जायें, उन्होने कहा कि वर्तमान में वर्षाकाल को दृष्टिगत रखते हुए मध्यान्ह भोजन पकाते समय सर्तकता बरती जायें, जिससे कोई जहरीला कीडा आदि भोजन में न गिरे, उन्होने कहा कि खुले में एमडीएम न बनाया जायें तथा किचिनशैड में साफ-सुथरे तरीके से भोजन बनाने का कार्य किय जायें। उन्होने सीएसी को निर्देश दिये कि सभी स्कूलों में एमडीएम चैक कर उसकी रिपोर्ट भी प्रस्तुत की जायें तथा लापरवाही बरतने वाले स्वसहायता समूहो को मध्यान्ह भोजन संचालन से हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायें।

# समझाइश के बाद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सुपरवाइजरों की हड़ताल स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

उगना सहराना में बच्चों की इलाज़ के अभाव में हुई मौत के बाद आनन फानन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं एवं संबंधित सेक्टर की सुपरवाइजर के खिलाफ़ की गई कार्रवाई से नाराज़ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं जिले की सभी सुपरवाइजर कलम बंद हड़ताल पर चली गई थी। इसकी सूचना मिलने पर ग्वालियर से श्योपुर पहुंचे महिला बाल विकास विभाग के सहायक संचालक डीके सिद्धार्थ द्वारा दी गई समझाइश के बाद कार्यकर्ताओं व सुपरवाइजरों ने हड़ताल स्थगित कर दी है। अब सोमवार को सभी कार्यकर्ता और सुपरवाइजर अपने अपने केंद्रों ओर सेक्टर में विधिवत सेवाएं प्रदान करेंगी।

विगत दिनों ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले उगना सहराना में इलाज के अभाव में तीन बच्चों की मौत हो गई थी प्राथमिक दृष्टि में इस काम में लापरवाही मानते हुए स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी ने सेक्टर सुपरवाइजर रेखा गुप्ता को निलंबित करने और स्थानीय आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को पद से पृथक कर दिया था। सुपरवाइजर को निलंबित करने के फैसले को मनमाना और गैर जिम्मेदाराना बताते हुए जिले की सभी सुपरवाइजरों ने शुक्रवार को जिला महिला बाल विकास अधिकारी कार्यालय पहुंचकर सामूहिक अवकाश का आवेदन देकर कलम बंद हड़ताल शुरू कर दी थी। इससे स्थिति और बिगड़ गई हालांकि बाद में सुपरवाइजर के साथ कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा की गई बैठक और कराहल भ्रमण के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से चर्चा के बाद कार्यकर्ता और सुपरवाइजर कलेक्टर के आश्वासन के बाद हड़ताल समाप्त करने पर राजी हो गई थी इसके बाद ग्वालियर से श्योपुर पहुंचे सहायक संचालक महिला बाल विकास ने भी कार्यकर्ताओं और सुपरवाइजरों से अलग-अलग चर्चा कर कुपोषण मिटाने के अभियान में सहभागिता बनाए रखना की अपील की। सहायक संचालक की समझाइश पर सभी कार्यकर्ता और सुपरवाइजरों ने काम पर लौटने और ईमानदारी के साथ सेवाएं देने का भरोसा उन्हें दिलाया।

#### बीएलओ पर सहायक संचालक की दो टूक

श्योपुर पहुंचे महिला बाल विकास विभाग के सहायक संचालक डीके सिद्धार्थ को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बताया कि हमें आईसीडीएस की जिम्मेदारी संभालने में ही पूरा समय व्यतीत हो जाता है ऐसे में हाल ही में 165 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बीएलओ बना दिया गया है जिससे आईसीडीएस का काम प्रभावित होना लाजमी है इस बात पर सहायक संचार लगे कार्यकर्ताओं को दो टूक जवाब देते हुए कह दिया कि यह निर्वाचन आयोग का निर्णय है आप इस काम को आंगनबाड़ी के समय के बाद करेंगे उसके लिए आपको अतिरिक्त मानदेय निर्वाचन आयोग की ओर से मिलेगा।

#### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर को सोपा ज्ञापन

उधर उगना सेहराना में व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे कलेक्टर अर्पित वर्मा को क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं में ज्ञापन सौंपते हुए कार्यकर्ता की बर्खास्तगी को अनुचित बताते हुए निर्णय वापस लेने की मांग की थी कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर को बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नियमित रूप से केंद्र पर आती है उसका रिकॉर्ड भी अच्छा है कभी उसे नोटिस भी नहीं दिया गया है जिन बच्चों की मौत हुई है वह इलाज के अभाव में हुई है इसे आईसीडीएस से जोड़ना ठीक नहीं है। कलेक्टर ने कार्यकर्ताओं की बात को गंभीरता से सुनने के बाद उन्हें आश्वासन दिया कि इस मामले में हकीकत सामने आने के बाद ही कोई कारवाई की जाएगी अकारण किसी का अहित नहीं किया जाएगा।

# संविधान से ही समानता व्यवहार संभव, इसे करें आत्मसात: जादौन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर,

संविधान ने हमें समानता, न्याय और बंधुता का संदेश दिया है पर यह तभी संभव है जब समाज में सांवैधानिक मूल्यों की स्थापना हो। इसके लिए बहुत प्रयास किए जाने की आवश्यकता है विशेषकर सहरिया समाज में उनकी गरिमा को बढ़ाने के लिए सहरिया मुखियाओं को काफी प्रयास करना होगा। उक्त विचार गांधी सेवा आश्रम के प्रबंधक जयसिंह जादौन ने महात्मा गांधी सेवा आश्रम में आयोजित सहरिया मुखियाओं की बैठक में व्यक्त किये।

इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित वरिष्ठ समाजसेवी और सहरिया संस्कृति के अध्येता कैलाश पाराशर ने कहा कि सहरिया आदि काल से ही शोषण का शिकार रहा है पर आजादी के बाद हमारे महापुरुषों ने संविधान के द्वारा हमें समानता,न्याय, शिक्षा सांस्कृतिक विरासत को बचाने का मार्ग प्रशस्त किया उसके चलते आज सहरिया समाज को जो ताकत मिली है उसने सहरिया के विकास का रास्ता खोला है। इस अवसर पर रंजीता आदिवासी, घनश्याम आदिवासी और सुरज्या आदिवासी, श्यामलाल आदिवासी व प्रताप आदिवासी ने बैठक को संबोधित करते हुए शिक्षा पर जोर दिया

बैठक में निर्णय लिया गया कि 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस पर रक्षा बंधन होने के कारण 8 अगस्त को महात्मा गांधी सेवा आश्रम के सभागार में विश्व आदिवासी दिवस पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा।

# हरियाली तीज़ पर बंदियों ने रोपा पौधा ली अपराधों से दूर रहने की शपथ



श्योपुर। हरियाली तीज के अवसर पर जिला जेल श्योपुर में बंद कैदियों ने पर्यावरण संरक्षण का ध्यान रखते हुए जामुन का पौधा रोपा और अपराधों से दूर रहने की शपथ ली। यह आयोजन स्वयंसेवी कार्यकर्ताओं की पहल पर जेल अधीक्षक की सहमति से किया गया। योग शिक्षक दिनेश साहू ने बताया कि जेल अधीक्षक प्रभात कुमार के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे सुधारात्मक और जनजागरुकता कार्यक्रम के तहत रविवार को जेल परिसर में हरियाली तीज मनाई गई इस दौरान जामुन ओर पीपल के पौधे भी रोपे गए। इस दौरान नरेंद्र नागर,डॉ संजय जैन कैलाश चंद्र राठौर,पीयूष यादव उपस्थित रहे।

### श्योपुर बारां मार्ग के साथ ही रामगढ जाने वाला रास्ता भी हुआ अवरूद्ध

# फिर खतरे के पार पहुंची पार्वती नदी, बारां से टूटा सड़क संपर्क, नदी किनारे बसे गांवों में अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



जिले को राजस्थान से जोड़ने वाली पार्वती नदी रविवार को एक बार फिर उफान पर आकर खतरे के निशान के पार पहुंच गई। जिससे कुहांजापुर के पास बना पुल डूब जाने से श्योपुर का बारां राजस्थान से संपर्क टूट गया। उधर काला पट्टा नदी के उफान पर आ जाने से मकड़ावदा की ओर से रामगढ़ जाने वाला रास्ता भी रविवार को पूरे दिन बंद बना रहा। दोपहर बाद पार्वती नदी के खतरे के निशान के पार पहुंचने से प्रशासन को नदी किनारे बसे गांवों में अलर्ट जारी करना पड़ा।

शनिवार को शाम से ही शुरू हुई बारिश रात भर बरसती रही और रविवार को दोपहर 1:00 बजे तक भी बारिश का दौर जारी बना रहा। बारिश ने जिले को तर बतर जरुर कर दिया लेकिन जिले की प्रमुख नदियां सीप और क्वारी पर तो ऐसा ज्यादा कोई असर नहीं हुआ जिससे कि गांव को अलर्ट किया जाए अथवा कोई रास्ते बंद होने की सूचना भी नहीं मिली लेकिन पार्वती नदी के उफान पर आ जाने से बारा, मांगरोल का रास्ता तो दिन भर बंद रहा। शाम छह बजे पार्वती का नदी का जल स्तर 200.38 मीटर पहुंचा गया जो खतरे के निशान से 2.38 मीटर अधिक है। बता दे कि पार्वती नदी का खतरे का निशान 198.50 मीटर निर्धारित है। पार्वती नदी के खतरे के निशान के पार पहुंचते ही प्रशासन ने निचली बस्तियों में अलर्ट जारी कर दिया। हालांकि खातौली के पास बड़ा पुल बन जाने से श्योपुर से कोटा का आवागमन दिन भर जारी रहा।

#### काला पट्टा ने रोका रामगढ़ का रास्ता

उधर काला पट्टा नदी के उफान पर आ जाने से मकड़ावदा से रामगढ़ जाने का रास्ता भी रविवार को दिनभर बंद रहा। ज्ञात हो कि कुहांजापुर के पास पार्वती नदी के उफान पर आ जाने के बाद लोग मकड़ावदा से रामगढ़ होते हुए बारां कोटा तक का सफर करते हैं और राजस्थान के अन्य शहरों को भी आते जाते रहते हैं लेकिन इस नदी के भी उफान पर आ जाने से लोगों के लिए यह विकल्प भी समाप्त हो गया जिसके चलते कई लोगों को जरूरी काम से मांगरोल बारा नहीं जा पाए और जिन्हें अति आवश्यक काम के लिए जाना ही था उन्हे खतौली से कोटा होते हुए वापस बारा आना पड़ा।

#### 24 घंटे में बरसा 36.4 मिमी पानी

बीते 24 घंटे के दौरान श्योपुर जिले में 36.4 मिलीमीटर बारिश हुई है। जिसे मिलाकर जिले की औसत बारिश का आंकडा 880 मिलीमीटर पर पहुंच गया है। अधीक्षक भू अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह 8 बजे से रविवार की सुबह 8 बजे तक की अवधि के दौरान श्योपुर जिले में 36.4 मिमी मीटर औसत बारिश हुई है। इस दौरान सबसे अधिक बारिश 49 मिलीमीटर वीरपुर तहसील क्षेत्र में हुई है। जबकि बडौदा तहसील में 48 मिमी, श्योपुर तहसील में 25 मिमी, कराहल तहसील में 31 मिमी और विजयपुर तहसील में 29 मिलीमीटर बारिश हुई है।

#### आधा दर्जन गांव खाली कराने के लिए मुनादी

जलालपुरा झोपड़ी सहित करीब एक दर्जन गांवों में पार्वती नदी के खतरे के निशान को पार कर जाने के कारण प्रशासन को इन गांवों को खाली करने के लिए मुनादी करानी पड़ी। कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर ऊंचाई वाले क्षेत्रों में इन गांवों के ग्रामीणों को ठहरने और उनके जलपान की व्यवस्था स्थानीय ग्राम पंचायत के माध्यम से करा दी गई थी हालांकि प्रशासन की तैयारी पूरी थी लेकिन देर शाम तक कोई भी ग्रामीण गांव छोड़कर उक्त स्थान पर नहीं पहुंचा था।

#### रविवार को इस तरह बढा जल स्तर

| समय | पार्वती | चंबल |
|---|---|---|
| सुबह 8 बजे | 194.60 | 188 |
| शाम 5 बजे | 199.45 | 190.36 |
| शाम 6 बजे | 200.38 | 190.96 |

नोट पार्वती का खतरे का निशान 198 मीटर,चंबल का खतरे का निशान 199.50 मीटर है।

# पुरानी रंजिश पर युवक को एक राय होकर पीटा,केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर,

शहर के पाली रोड इलाके में रविवार को एक युवक की नामजद आरोपियों ने एक राय होकर लातघूसो और बेल्टो से मारपीट कर दी। विवाद पुरानी रंजिश के लेकर होना बताया जा रहा है। कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि वार्ड 10 नर्सरी के पास निवासी अनुराग सिंह परमार पुत्र धर्मवीर सिंह परमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रविवार दोपहर एक बजे जब वह बायपास पर था,तभी उसे तरूण जादौन, कुणाल ठाकुर, भोला आर्य मुझे कोई बात करने के बहाने अपने साथ जबरदस्ती पीली कोठी पर ले गए। जहां उन्होने पुरानी रंजिश को लेकर मेरी गाली गलौच करते हुए लातघूसो और बेल्टो से मारपीट कर दी। तभी वहां निर्मल जादौन सहित दो तीन अन्य लोग भी आ गए,जिन्होने भी मेरी मारपीट कर दी। इस मामले में पुलिस ने अनुराग की रिपोर्ट पर तरूण, कुणाल, भोला, निर्मल जादौन तथा दो तीन अन्य लोगों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

#### आरोन में 30 को मनाया जाएगा मोक्ष सप्तमी पर्व

आरोन। जैन धर्म के 23 वे तीर्थंकर चिंतामणि श्री पार्श्वनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव नगर में मनाया जाएगा। चातुर्मास कमेटी के प्रचार मंत्री सुनील झंडा ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर पर भगवान पार्श्वनाथ स्वामी के मोक्ष कल्याणक के अवसर पर नगर में चातुर्मास कर रहे मुनि श्री दुर्लभ सागर जी महाराज के मंगल सानिध्य में भगवान पार्श्वनाथ का महा मस्तिकाभिषेक किया जाएगा। इस अवसर पर पूज्य मुनि 108 श्री दुर्लभ सागर जी महाराज स्वयं अपने मुखारविंद से शांतिधारा के मंत्रों का मंत्रोचारण करेंगे।उल्लेखनीय है कि नगर के सदर बाजार में स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में प्रतिवर्ष मोक्ष सप्तमी पर्व जोकि श्रावण मास की शुक्ल पक्ष की सप्तमी को महा मस्तिकाभिषेक किया जाता है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, अनुभाग-श्योपुर जिला श्योपुर (म.प्र.)**

**प्रकरण क्रमांक -0051/2024-25/ अपील / 2587 श्योपुर दिनांक- 25/7/25**

श्री रामरतन पुत्र श्रीराम जाति मीणा निवासी ग्राम काचरमूली तहसील व जिला श्योपुर (म.प्र.)।..........................अपीलांट

बनाम

श्री पवन कुमार पुत्र भगवतीप्रसाद जाति वैश्य निवासी ग्राम दांतरदाकलां तहसील व जिला श्योपुर एवं अन्य 10 रेस्पोडेट
................. रेस्पो

**सूचना-पत्र**

**श्री पवन कुमार पुत्र भगवतीप्रसाद जाति वैश्य निवासी ग्राम दांतरदाकलां तहसील व जिला श्योपुर (म.प्र.)**

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि अपीलांट रामरतन पुत्र श्रीराम जाति मीणा निवासी ग्राम काचरमूली तहसील व जिला श्योपुर (म.प्र.) ने जर्ये अभिभाषक श्री सी.बी. दर्पे के माध्यम से मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 44 के तहत न्यायालय नायव तहसीलदार वृत मानपुर के प्रकरण क्रमांक 122/1984-85/अ-19 आदेश दिनांक 05.11.1985 से असंतुष्ट होकर अपील पेश की है जिसमें आपको भी पक्षकार बनाया गया है। उक्त अपील ग्राम लहचौडा की भूमि सर्वे क्रमांक 462 रकवा 0.031 हे., सर्वे क्रमांक 463 रकवा 0.042 हे., सर्वे क्रमांक 464 रकवा 0.021 हे. कुल किता 03 कुल रकवा 0.0940 हेक्टयर से संबंधित है। अतः आपको इत्तला दी जाती है कि इस संबंध में अपना पक्ष प्रकरण में रखने हेतु स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से प्रकरण में पेशी दिनांक 31.07.2025 को मेरे समक्ष इस न्यायालय में उपस्थित हो। सूचना प्रकाशन के बाद भी नियत दिनांक तक आपकी ओर से कोई उपस्थिति या जबाव प्रस्तुत न होने की स्थिति में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी। सूचित हो। आज दिनांक 25/07/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया है।

**(बी.एस. श्रीवास्तव)**
**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)**
**अनुभाग श्योपुर जिला श्योपुर (म.प्र.)**

# प्रशासन के दावों की खुली पोल, खरई गोशाला में भूख और प्यास से 2 गायों ने तोड़ दिया दम

## दुर्दशा का शिकार गोशालाएं, कागजों में जारी निरीक्षण, सड़कों पर दम तोड़ रहा गोवंश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलारस

कांग्रेस शासनकाल में महज 1 साल में ही गो सरंक्षण को लेकर बहुत महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए हर ग्राम पंचायत स्तर पर गोशाला निर्माण की योजना तैयार की और उसको अमलीजामा भी पहनाया। इसके लिए हर ग्राम पंचायत पर 30 से 37 लाख रूपये तक की राशि प्रदान की गई थी। जिसमें गोवंश को हर सुविधा मुहैया कराने की कार्य योजना बनाई गई थी। पानी के लिए बोर वेल, वर्षा से बचने के लिए टीनशेट, कीचड और दल-दल से गोवंश की सुरक्षा हेतु पक्के फर्स का निर्माण। साथ ही गोचारा के लिए भूसा डिपो और बाहर गोवंश हर भरा चारा चर सके, इसके लिए भी पर्याप्त भूमि प्रदान की गई थी बता दें कि कोलारस अनुभाग क्षेत्र में गोवंश दुर्दशा का शिकार हो रहा है। गोठान भूमि को भूमियाओं ने निगल लिया। इसके बाद शासन द्वारा गो संरक्षण के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में गोशालाएं बनाई गईं। ताकि सडक पर भटकता हुआ गोवंश सुरक्षित रह सके और गोशालाओं में इनकी बेहतर सेवा और संभाल हो सके। किंतु देखने में मिल रहा है कि कुछ गोशालाएं खाली पडी हैं तो कुछ गोशालाओं में क्षेत्र के दबंगों ने अतिक्रमण कर रखा है। वहीं जो गोशालाएं संचालित हो रही हैं। वहां गोमाताओं की दुर्दशा जेल के कैदियों से भी बदतर बनी हुई है। कोलारस जनपद विभाग के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खरई में वर्ष 2020.21 में 37.84 लाख रूपये की लागत से गोशाला का निर्माण किया गया था। 4 साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी उक्त गोशाला में गोवंश के लिए पेयजल भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इस गोशाला का संचालन नबल धाकड द्वारा किया जा रहा है। जिसमें गोवंश की सही से देख-रेख और समय पर चारा पानी मुहैया न होने से पूरा गोवंश अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। खरई निवासी वंटी धाकड ने आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्व में इस गोशाला में लगभग 200 गाय थीं। लेकन धीरे-धीरे अव्यवस्था बढती गई और चारे की राशि को हजम करने की नियत से गोशाला के संचालन में भारी उदासीनता बरती गई। जिसके चलते उक्त गोशाला में लगातार गायों की मौत का क्रम जारी रहा। पहले तो ग्राम वासियों ने इसकी ओर ध्यानाकर्षण नहीं किया। किंतु कुछ जागरूकों ग्राम वासियों ने उक्त अव्यवस्था को देखा तो मामला उजागर होकर सामने आया। जिसमें गोशाला की राशि को गोशाला के संचालक नबल धाकड द्वारा अपनी कमाई का जरिया बना लिया गया है। विगत दिनों यहां पर उपचार और भूख प्यास के कारण 2 गायों की मौत और हो गई है। जिसके वीडियों ग्राम वासियों द्वारा शोसल मीडिया पर बहु प्रसारित किए गए हैं। आखिरकार पशु विभाग गोशालाओं का निरीक्षण किन मापदंडों पर कर रहा हैए यह समझ से परे है।



### इनका कहना है।

हमारे द्वारा गोशाला का सही से संचालन किया जा रहा है। वर्तमान में लगभग 97 गाय गोशाला में पोषित की जा रही हैं। जो गाय की मौत हुई है, वो बाहर की है।

**नबल धाकड़, संचालनकर्ता गोशाला खरई.**

मामला आपके द्वारा संज्ञान में लाया गया है। में खरई गोशाला की जांच करा लेता हूं। यदि अव्यवस्था पाई गई तो वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**अनूप श्रीवास्तव, एसडीएम कोलारस**

## टामकी सिंध नदी में अधेड़ व्यक्ति की लाश मिली, पुलिस शव की पहचान करने में जुटी



**कोलारस।** अति वर्षा के कारण उफनते हुए नदी नाले अब आमजनों को घातक होते जा रहे हैं। आए दिन लापरवाही के कारण बडे.बडे हादसे देखने को मिल रहे हैं। शुक्रवार को भडौता क्षेत्र में बहने वाली सिंध नदी भी उफान पर रही। जब सिंध का बहाव कम हुआ तो इसने एक शव उगला। उक्त शव टामकी सिंध घाट पर ग्राम वासियों ने देखा तो इसकी सूचना कोलारस पुलिस को दी। पुलिस ने मौकास्थल पर पहुंचकर शव का जायजा लिया। किंतु आसपास के क्षेत्रों में जानकारी देने के बाद भी शव की अभी तक कोई शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त मृत व्यक्ति की उम्र लगभग 45 से 50 साल के बीच होगी। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला विवेचना में ले लिया है।

### लगातार दूसरी बार सर्व सम्मति से हुआ निर्वाचन

## बैठक में निर्णय डॉ महावीर जैन बने गणेश महोत्सव समिति के अध्यक्ष



**कोलारस।** कोलारस नगर के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ महावीर जैन को हालही में कोलारस अग्रवाल समाज का अध्यक्ष मनोनीत किया गया था। लगातार इनके द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों को देखते हुए एक बार फि र उन्हें बडी जिम्मेदारी सौंपी गई है। कोलारस नगर के युवाओं द्वारा सर्व सम्मति से उन्हें दूसरी बार श्री गणेश महोत्सव चल समारोह चयन समिति कोलारस का अध्यक्ष बनाया गया है। कोलारस नगर के प्राचीन धर्मशाला मंदिर पर सभी भक्तगणों ने बैठक आयोजित कर डॉ महावीर जैन को उक्त दायित्व सौंपा है। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा भी की गई। जिसमें आगामी 5 सितंबर को श्री गणेश महोत्सव चल समारोह बडी धूमधाम से निकाला जाएगा। समिति द्वारा पुरानी सब्जी मंडी कोलारस पर विभिन्न सांस्क्रतिक और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

## 10 सूत्रीय मांगों को लेकर खिमलासा थाना प्रभारी को आम आदमी पार्टी ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

आम आदमी पार्टी बीना विधानसभा ने 10 सूत्रीय मांगों को लेकर खिमलासा थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा हे। जिसमें क्षेत्र में प्राइवेट स्कूल के वाहनों में क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाने, खिमलासा की शासकीय अस्पताल की सेवाएं 24 घंटे खुली रहने, खिमलासा में अनाज मंडी चालू करवाई जाने, खाद्यान सामग्री मिठाई, होटल, फलों व किराना की दुकानों की गुणवत्ता की जांच कराने सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के दौरान पार्टी विधानसभा अध्यक्ष महेंद्र सोनी, विधानसभा सचिव विनोद रोहित, यूथ विंग जिला अध्यक्ष नेतराम विश्वकर्मा, किसान विंग जिला अध्यक्ष रामसेवक कुशवाहा, दीपक अवस्थी यूथ विंग उपाध्यक्ष, यूथ विंग उपाध्यक्ष जय रजक, सहित अन्य साथी शामिल रहे।



### बेटा-बेटी की तरह करें पेड़ लगाकर करें पालन पोषण: हेमलता रावत

## नवांकुर सखियां बोलीं-सांसें हो रहीं कम आओ पौधे लगाएं हम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

जन अभियान परिषद विकासखंड शिवपुरी अंतर्गत सेक्टर मुढ़ेरी के ग्राम सेमरी में कार्यक्रम के अवसर पर जन अभियान परिषद, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के नेतृत्व में रविवार को नवांकुर सखी कार्यक्रम के तहत एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष हेमलता-रघुवीर सिंह रावत ने कलस यात्रा को प्रारम्भ करा नवांकुर सखी कार्यक्रम को सर्व प्रथम कलश यात्रा के रूप में नवांकुर सखियों ने ग्राम में जन जागरूकता रैली निकाली गई। उसके बाद जनपद अध्यक्ष रावत ने मुख्यमंत्री के नवांकुर सखी कार्यक्रम का संदेश दिया।

नवांकुर सखी कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण हेतु लोगों को जागरूक करना एवं बढ़ चढ़कर पौधारोपण कर हरियाली हेतु एवं पर्यावरण को संतुलित बनाये रखने हेतु, इस अभियान का उद्देश्य है। ये नवांकुर सखी पर्यावरण मित्र के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करेंगी।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि बेटा-बेटी की तरह करें पेड़ लगाकर पोषण करना चाहिए। कार्यक्रम में सरपंच गूगरीपुरा रघुवीर रावत ने नवांकुर सखियों को इस कार्य में सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए इस पहल का स्वागत किया एवं पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बड़ागांव प्रमुख ने सेक्टर स्तरीय नवांकुर सखी कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यगिम में उपस्थित अतिथियों द्वारा सभी नवांकुर सखियों को 11-11 नव अंकुरित पौधे की थैलियां वितरित की गई।

कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथि द्वारा पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में सेक्टर प्रमुख धीरेन्द्र ठाकुर, समिति अध्यक्ष नरेश कुशवाह, सचिव रामसिंह शिवहरे, उपसरपंच ऊषा-कोमल सिंह कुशवाह, पूरन शर्मा, भगीरथ कुशवा, मदनलाल, अपरूराम, छिंगाराम, पूर्व उप सरपंच रघुवीर सिंह, सत्यनाराण लक्ष्यकार मुढ़ेरी, मुकेश मौर्य बगोदा सहित प्रस्फुटन समिति प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नवांकुर सखी द्वारा सहभागिता की गई।




### आरपीएफ ने चलाया जागरुकता अभियान

## ट्रेन में जहरखुरानी जैसी घटनाओं से रहें सतर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

स्थानीय रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, अनाधिकृत गतिविधियों पर नियंत्रण रखने एवं जन जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए आरपीएफ के द्वारा विशेष गश्त एवं जागरूकता अभियान चलाया गया।

स्टेशन पर सहायक उप निरीक्षक हसन खान कुमार एवं उनकी टीम द्वारा प्लेटफार्म तथा ट्रेनों में व्यापक निरीक्षण किया गया। इस दौरान स्टेशन परिसर में घूम रहे अनधिकृत व्यक्तियों को बाहर निकाला गया। साथ ही यात्रियों को बिना आवश्यकता के अलार्म चेन पुलिंग न करने, चलती ट्रेन में चढ़ने-उतरने से बचने एवं जहरखुरानी जैसी घटनाओं से सतर्क रहने के लिए जागरूक किया गया। यात्रियों को सलाह दी गई कि वे स्टेशन परिसर में पुल का प्रयोग करें। किसी अनजान व्यक्ति से खाने-पीने की वस्तुएं स्वीकार न करें। सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता रखें एवं कूड़ा कचरा निर्धारित डस्टबिन में ही डालें।




### गोदाम से चोरों ने उड़ाए 70 हजार, टीवी तोड़कर गए



**बीना।** क्षेत्र में घटनाएं रूकने का नाम नहीं ले रही है। कुछ ही दिन पहले कंजिया में शराब दुकान पर सेल्समैनों की पिटाई कर 70 हजार रूपए की लूट की गई थी। वहीं शनिवार रात करीब साढ़े 8 बजे कृषि उपज मंडी में सेंध लगाकर एक व्यापारी की दुकान में बड़ी चोरी को अंजाम दिया है। यहां से भी चोर करीब 70 हजार रूपए नगद चोरी कर ले गए है। वहीं पूरी घटना सीसीटीवी में दर्ज हुई है। ट्रेडर्स संचालक सत्यम राय ने बताया कि शनिवार और रविवार को कृषि मंडी में कारोबार बंद रहता है, इस कारण गोदाम भी बंद थी। रविवार को दोपहर 12 बजे पहुंचे तो देखा कि ऑफिस के बाहर टीवी टूटी पड़ी है। शक होने पर सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिसमें चोरी की पुष्टि हुई। उन्होंने बताया कि घटना के बाद चोर सिविल अस्पताल की तरफ से गोदाम की दीवार में छेद करके अंदर घुसे और ऑफिस में रखी अलमारी और तिजोरी को तोड़कर उसमें रखे नकदी, कटे-फटे नोट सभी मिलाकर कुल नगदी 70 हजार रुपए की चोरी हुई है। साथ ही चोरों ने टीवी ले जाने की कोशिश की लेकिन कामयाब न होने पर उसे फर्श पर पटककर तोड़ दी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सत्यम राय की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## बीना से उदयपुर के लिए निकाली गई कांवड़ यात्रा



**बीना।** वीर हनुमान सेवा समिति के द्वारा रविवार को शहर से कांवड़ यात्रा निकाली गई, जो 2 दिन पैदल यात्रा करने के बाद उदयपुर के नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी, जहां पर भगवान नीलकंठेश्वर महादेव का मां मोतीचूर नदी के जल से अभिषेक किया जाएगा। जानकारी अनुसार रविवार सुबह करीब 9 बजे समिति के सदस्य श्रीदेव रघुनाथ बड़ा मंदिर स्थित मोतीचूर नदी के घाट पर एकत्रित हुए और घाट से 151 कांवड़िए जल भरकर नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर उदयपुर के लिए रवाना हुए। जो 2 दिन पैदल यात्रा के बाद कांवड़िए मोतीचूर नदी के जल से भगवान नीलकंठेश्वर का अभिषेक करेंगे। कांवड़ यात्रा डीजे, ढोल नगाड़ों के साथ मोतीचूर नदी से प्रारंभ होकर सर्वोदय चौक, सिनेमा तिराहा, महावीर चौक, झांसी गेट ओवरब्रिज से होते हुए कुरवाई मार्ग से निकाली गई। यात्रा के दौरान भक्तों ने हर हर महादेव, बोल बम के जयकारे लगाए। इस मौके पर कांवड़ यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। साथ ही बड़ी संख्या में शहर के लोग कई किमी तक कांवड़ यात्रा के साथ चले।

### कारगिल विजय दिवस पर काव्य गोष्ठी और पूर्व सैनिकों का हुआ सम्मान

## कारगिल युद्ध में विश्व ने देखा भारतीय सेना का शौर्य: डॉक्टर राजदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

भारतीय सेना की वीरता का प्रतीक कारगिल विजय दिवस पर पूर्व सैनिकों का सम्मान एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम मेरा युवा भारत, शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह एवं आजाद क्रांति युवा मंडल के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भारतीय सेना के रिटायर्ड डीआईजी चीफ मेडिकल ऑफीसर डॉक्टर राजदीप नंद, वरिष्ठ समाज सेवी अनिल ओझा, थल सेना के पूर्व कैप्टन महेश दत्त तिवारी, भारतीय नौसेना के रिटायर्ड जेसीओ एलएल सोनकर, थल सेना के पूर्व नायक सूबेदार बारेलाल चौधरी एवं थल सेना के पूर्व हवलदार विजय कुमार बमनयां ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए शुभारंभ किया। तत्पश्चात पूर्व सैनिकों का संस्था द्वारा शाल, श्रीफल एवं डायरी भेंट कर सम्मान किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉक्टर राजदीप नंद ने संबोधित करते हुए कहा कि कारगिल के युद्ध में पूरे विश्व ने भारतीय सेना की शौर्यता को देखा एवं वीरता का लोहा माना। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अनिल ओझा ने कहा कि हम सभी अपने-अपने घरों में जो खुशियां त्यौहार मना पा रहे है, इसका श्रेय हमारी सेना को जाता है। कश्मीर में ड्यूटी पर तैनात थे नंद- गौरतलब है कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे डॉक्टर राजदीप नंद ने कारगिल युद्ध के समय कश्मीर में ही ड्यूटी पर तैनात थे। जिस कारण उन्हें पराक्रम मैडल प्राप्त हुआ। इसी तरह विजय कुमार बमनयां ने भी कारगिल युद्ध में भाग लिया। जिस पर उन्हें ऑपरेशन विजय मेडल सम्मान प्राप्त हुआ।



### पहरेदार सीमा पर खड़े नहीं होते, तो खादी के कुरते भी सोने से जड़े नहीं होते: रामस्वरूप

सम्मान समारोह के दौरान कवि रामदास नामदेव ने सरस्वती वंदना के गायन के साथ कवि गोष्ठी का शुभारंभ किया। कवि महेंद्र अभागा ने वीर सैनिक का बलिदान हमें वीरता याद दिलाती रहेगी, कविता का पाठ किया। कवि रामस्वरूप सन्मति ने सीमा के पहरेदार यदि सीमा पर खडे नहीं होते, तो खादी के कुरते भी सोने से जड़े नहीं होते कविता का पाठ किया। कवि सीताराम चौरसिया ने कारगिल सेना के शौर्य और पराक्रम पर प्रकाश डाला। कवि देवेंद्र नाथ तिवारी ने लहू से अपने वतन को सींचा करते है जो जवान, उनके चरणों में नित करिये सौ सौ बार प्रणाम, कविता का पाठ किया। गीतकार मूलचंद सेन ने अगर वतन के काम ना आए तो फिर वतन परस्ती क्या गीत की प्रस्तुति दी। इसके अलावा कवि रामस्वरूप पाल ने आओं करे वीरो की आरती गीत गाया, कवि राकेश बबेले ने बलिदानों की वीरता हम भूल न पायेंगे युगों युगों तक तुम्हारे किस्से सुनाए जाएंगे कविता का पाठ किया। जशरथ लोधी ने हम भारत के वीर सिपाही हमने छाती पर गोली खाई है कविता का पाठ किया।

कार्यक्रम संयोजक उमेश शर्मा रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन सीताराम चौरसिया एवं आभार सुजीत क्लाडियस ने व्यक्त किया। इस मौके पर प्रीति लखेरा, विशाखा लोधी, शांति कुशवाहा, प्रभा नामदेव, कविता चौधरी, आरके जैन, डॉक्टर प्रेम श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।